श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम अनुर कुमार दिसानायक,
विशिष्ट अतिथिगण,
देवियो एवं सज्जनो,

नमस्कार, वणक्कम, अयुबोवन!

1. श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम दिसानायक एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का आज राष्ट्रपति भवन में स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत खुशी हो रही है।

2. भारत की 'Neighbourhood First' नीति और SAGAR Vision में श्रीलंका का प्रमुख स्थान है।

3. हमारे दोनों देशों के बीच संबंध न केवल भौगोलिक हैं, बल्कि साझा धार्मिक और सांस्कृतिक प्रथाओं, भाषाई समानताओं, आर्थिक सहयोग, और राजनीतिक समझ पर आधारित हैं। बौद्ध धर्म की साझा विरासत ने विशेष रूप से दो सहस्राब्दियों से अधिक समय से हमारे संबंधों को पोषित किया है।

4. समकालीन समय में हमारे संबंध बहुआयामी हो गए हैं, और सहयोग के कई क्षेत्रों में विस्तारित हो गए हैं। एक जिम्मेदार पड़ोसी और मित्र के रूप में, भारत जरूरत के समय हमेशा श्रीलंका के समर्थन में खड़ा रहा है, चाहे वह हालिया आर्थिक संकट हो, या उसके बाद के ऋण पुनर्गठन की चर्चा हो।

5. मुझे खुशी है कि आज राष्ट्रपति दिसानायक की यात्रा के दौरान हमने "India-Sri Lanka Joint Statement: Fostering Partnerships for a Shared Future" अपनाया है, जो हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करेगा।

देवियो एवं सज्जनो,

6. श्रीलंका भारतीय लोगों के मानस में गहराई से बसा हुआ है, और हमारी लोककथाओं और साझा सभ्यतागत विरासत का अभिन्न हिस्सा है।

7. प्राचीन भारत के कलिंग क्षेत्र का श्रीलंका से विशेष सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध था; जिसे आज भी ओडिशा में स्मरण किया जाता है। मुझे विश्वास है कि आज के रात्रि-भोज के कुछ स्वाद, और कुछ सुर, श्रीलंका से आए हमारे मित्रों के लिए परिचित होंगे!

8. हम इतिहास और संस्कृति के इन गहरे संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए, और दोनों देशों के लोगों की साझा समृद्धि की दिशा में काम करते रहेंगे।

9. इन शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो एवं सज्जनो, आइए हम सब मिल कर:

-महामहिम राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक के अच्छे स्वास्थ्य के लिए,

-श्रीलंका के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए, और

-भारत और श्रीलंका के बीच घनिष्ठ मित्रता और सहयोग के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।

*****